<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–10 जनवरी 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- दो दिवसीय दौरे पर कल प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाकुंभ की तैयारियों का किया निरीक्षण, कहा–प्रयागराज महाकुंभ से होगा दो लाख करोड़ रुपये का ग्रोथ।
- आकाशवाणी के विशेष चैनल कुंभवाणी और कुंभ मंगल धुन का आज मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ, छब्बीस फरवरी तक महाकुंभ आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का होगा प्रसारण।
- अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर कल से तेरह जनवरी तक होगा महोत्सव का आयोजन, रामलला को पहनाई जाएगी सोने चांदी से बनी पीताबंरी।
- ठंड और कोहरे का अभी बना रहेगा असर, कल और परसों प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में बारिश के आसार।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रयागराज में दो हजार पच्चीस का महाकुंभ, आस्था और आधुनिकता का संगम होगा। महाकुंभ के लिए डिजिटल मीडिया सेंटर का उद्‌घाटन करने के बाद उन्होंने कल शाम प्रयागराज में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लिया गया। महाकुंभ का आयोजन आर्थिक विकास में भी योगदान देगा।

**आस्था और आधुनिकता का ये महासमागम प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में भी कैसे खुशहाली ला सकता है। लाखों लोग इस पूरी व्यवस्था के साथ जुडे हुए हैं। दो लाख करोड रुपये का ग्रोथ अकेले प्रयागराज महाकुंभ से होगा। कैसे आस्था अर्थव्यवस्था को सुदृढता प्रदान करती है, प्रयागराज उसका एक नया उदाहरण बनने जा रहा है और इसलिए आज के इस अवसर पर स्वच्छ कुंभ के साथ–साथ इसको हम लोगों ने एक सुररक्षित, व्यवस्थित और आधुनिक महासमागम के रूप में जो भी योजना तैयार की है, आपके सामने है।**

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने सेक्टर तेईस पहुंच कर जजेज कॉलोनी की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्नान पर्व की तिथियों को छोड़ कर बाकी सभी दिनों में गणमान्य लोगों के प्रोटोकॉल का पालन होना चाहिए। इसके बाद वह अरैल घाट पहुंचे और त्रिवेणी संगम पर महाकुंभ की तैयारियों को देखा। मुख्यमंत्री महाकुम्भ से जुड़े तेरह अखाड़ों में भी पहुंचे और वहां साधु संतों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिये बनाये गये डिजिटल महाकुंभ अनुभव केन्द्र का उद्‌घाटन भी किया। इस केन्द्र में कुंभ की सम्पूर्ण कथा को विशेष डिजिटल तकनीक से दिखाया जायेगा, जिससे श्रद्धालुओं को कुंभ पर्व की वास्तविक अनुभूति होगी। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष मुहूर्त में महाकुम्भ का साक्षी बनना हम सभी के लिए गौरव की बात है।

***बारह वर्ष के बाद महाकुंभ का आयोजन और उसमें भी एक सौ चौवालीस वर्ष की वह शुभ मुहूर्त आये तो वह सचमुच उस पूरी पीढ़ी के लिए जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप उस आयोजन के साथ जुड़े हो उन सब के लिए सौभाग्य का विषय भी है और गौरव का विषय भी है।***

मुख्यमंत्री ने मीडिया को प्रयागराज में बने विभिन्न कॉरिडोर के बारे में भी जानकारी दी।

***बड़े हनुमान जी का कॉरिडोर, महर्षि भारद्वार कॉरिडोर, प्रभु राम और निषादराज के मिलन का जो पावन भूमि है श्रृंगवेरपुर का कॉरिडोर के साथ ही यहां पर अन्य जो कॉरिडोर भी स्थापित किये गये हैं जहां पे श्रद्धालुओं के लिए पूरी व्यवस्था की गई है।***

मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के दौरान विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में चर्चा की। ।

***डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से रेलवे स्टेशन हो, एयरपोर्ट हो या परिवहन निगम के बस स्टैंड, वहां पर प्रत्येक जगह के लिए कब कब कौन सी सेवा प्रारंभ हो रही है यह सारी सुविधाएं वहां पर उपलब्ध करवाने की तैयारियां की गयी हैं। और एयर कनेक्टिविटि के लिए भी यहां पर अतिरिक्त वायु सेवा के साथ प्रयागराज को यह सुविधा प्रदान की गयी है।***

मुख्यमंत्री आज भी प्रयागराज के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। वह आज सुबह कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और मां की रसोई का भी उद्‌घाटन करेंगे। वह एसआरएन अस्पताल और ऐरावत घाट का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर में यूपी स्टेट पवेलियन और डिजिटल कुंभ प्रदर्शनी का भी उद्‌घाटन करेंगे।

**********

प्रयागराज में आज से आकाशवाणी के विशेष चैनल कुंभवाणी का शुभारंभ हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ को समर्पित इस चैनल का उद्‌घाटन करेंगे। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री कुंभ मंगल धुन का भी शुभारंभ करेंगे। इस समारोह में प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार सहगल, मुख्य

कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और आकाशवाणी व दूरदर्शन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। चैनल के बारे में हमारे समाचार कक्ष की रिपोर्ट

***आकाशवाणी का कुंभवाणी चौनल 26 फरवरी तक सुबह 5.55 बजे से रात 10.05 बजे तक महाकुंभ की हर गतिविधि पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित करेगा। कुंभवाणी चौनल के माध्यम से अमृत स्नान की लाइव कमेंट्री प्रसारित की जाएगी। कुंभवाणी को 103 मेगाहट्‌र्ज फ्रीक्वेंसी, न्यूऑनएयर ऐप और वेव्स ओटीटी पर सुना जा सकता है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।***

वर्ष दो हजार तेरह के कुंभ और वर्ष दो हजार उन्नीस के अर्ध कुंभ में भी कुंभवाणी चैनल श्रोताओं के बीच लोकप्रिय रहा । इसे देखते हुए महाकुम्भ दो हजार पच्चीस के लिए इसे पुनः स्थापित किया गया है। हमारे प्रतिनिधि ने बताया है कि यह चौनल प्रयागराज के सौ किलोमीटर की परिधि में सुना जा सकेगा।

**********

तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक होने वाले महाकुम्भ दो हजार पच्चीस में श्रद्धालुओं की सुविधा और उनकी सुरक्षा को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार के स्तर से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। भारतीय रेलवे की तरफ से आज महाकुम्भ स्पेशल ग्यारह रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। इन रेलगाड़ियों का विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी उपलब्ध है। वहीं प्रदेश सरकार की पहल से महाकुम्भ की सुरक्षा सौ से ज्यादा फ्रंट से की जा रही है। प्रयागराज आने वाले सभी सात प्रमुख मार्गों पर चेकिंग और फ्रिस्किंग के लिए एक सौ दो मोर्चे बनाये गये हैं। सुरक्षा एजेंसियां प्रयागराज की सीमाओं से जुड़े आठ जनपदों से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रखे हुए हैं।

**********

अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर कल से तेरह जनवरी तक महोत्सव का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। पहले दिन रामलला को सोने चांदी से बनी पीतांबरी पहनाई जाएगी। दिल्ली में तैयार की गई पीतांबरी आज अयोध्या पहुंच जाएगी। हमारे प्रतिनिधि ने बताया है कि वहां के समस्त कार्यक्रमों का विभिन्न चैनलों के अलावा यू ट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा।

**********

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज गोरखपुर महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। यह महोत्सव बारह जनवरी तक चलेगा। इससे जुड़ा शिल्प मेला सोलह जनवरी तक चलेगा। पेश है हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***रामगढ़ ताल के चंपा देवी पार्क में तीन दिन चलने वाले गोरखपुर महोत्सव में पहले दिन बॉलीवुड के कलाकार जुबिन नौटियाल अपने गानों से दर्शकों को आनंदित करेंगे। दूसरे दिन 11 जनवरी को भोजपुरी नाइट में वाराणसी के भोजपुरी कलाकार रितेश पांडे अपने सुरों की ताल ठोकेंगे। महोत्सव के समापन के दिन 12 जनवरी को सूफी गायक ऋचा शर्मा के गाने होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए, गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर***

मेले में विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों के अलावा प्रत्येक जिले से एक जिला एक उत्पाद–ओडीओपी की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। महोत्सव का समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

**********

प्रदेश में अभी ठंड का असर बना रहेगा और सुबह शाम कोहरा भी गिरेगा। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया–

**अगर हम तापमान की आने वाले दिनों में बात करें तो अर्ली मार्निंग और लेट नाइट तक तापमान जैसा चल रहा है वैसा चलेगा।तो रात में और अर्ली मार्निंग में ठंड बनी रहेगी।**

मौसम विज्ञान विभाग ने कल और बारह जनवरी को प्रदेश के कई पश्चिमी, मध्य और मध्यम प्रदेश से सटे जिलों में बारिश की भी संभावना जताई है।

**********

लखनऊ छावनी के एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में आज से बाइस जनवरी तक अग्निवीरों की भर्ती रैली आयोजित होगी। अग्निवीरों के लिये हुई ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके दस हजार अभ्यर्थी इस भर्ती रैली में सम्मिलित होंगे।

**********